an>

Title: Need to start air services from Datia Air Strip.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मध्य प्रदेश के प्राचीन तथा उभरते हुए पर्यटन स्थल दतिया के लिए यात्री हवाई सेवाओं की आवश्यकता है। जैन धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख तीर्थ स्थल सोनागिरी, उनाव का सूर्य मंदिर, दतिया जहांगीर महल और विश्व प्रसिद्ध पिताम्बरा पीठ तथा प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर दतिया में धार्मिक एवं सामान्य पर्यटकों की निरंतर वृद्धि हो रही है। दतिया से संपर्क के लिए अभी झांसी और ग्वालियर से ही रेल संपर्क संभव है। अतः दतिया पहुचने के लिए पर्यटकों को बहुत परेशानी होती है। उल्लेखनीय है संसद के समक्ष भारत के राष्ट्रपति के अभिभाषण से भारत सरकार की नीति की घोषणानुसार को उद्धृत करता हूं, "छोटे नगरों में हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए कम लागत वाले हवाई अड्डे बनाए जाएंगे।"" मैं केन्द्रीय पर्यटन मंत्री को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दतिया को राष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल कर लिया है। मैं यह भी उल्लेख करना चाहता हूं कि राज्य सरकार द्वारा दतिया की हवाई पट्टी तैयार कर ली गई है और इस पट्टी पर शासकीय और अशासकीय छोटे हवाई जहाज आसानी से संचालित हो सकते हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के पर्यटक स्थलों और छोटे नगरों के विकास के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित हो रही है। वर्तमान में आगरा, खुजराहो और वाराणसी में कई वर्षों से हवाई सेवाएं संचालित हैं इसी क्रम में दतिया को जोड़ना उचित होगा। अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि पर्यटन की दृष्टि से दतिया में हवाई जहाज के संचालन की स्वीकृति दी जाए।